Australian Government
Department of Health, Disability and Ageing



# स्थानों से लोगों की ओर: आवासीय वृद्ध देखभाल में विकल्प शामिल करना

ऑस्ट्रेलिया सरकार आवासीय वृद्ध देखभाल में परिवर्तन कर रही है, इसलिए आपके पास और अधिक विकल्प उपलब्ध हैं।

हम एक नई आवासीय वृद्ध देखभाल प्रणाली तैयार कर रहे हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले वृद्धजनों को सीधे स्थान उपलब्ध कराती है। 1 नवंबर 2025 से नए Aged Care Act [वृद्ध देखभाल अधिनियम] के शुरू होने पर परिवर्तनों का अर्थ होगा कि:

- जिन लोगों को आवासीय देखभाल की आवश्यकता है, उन्हें अपनी आवश्यकताओं को सबसे अच्छी तरह से पूरे करने वाले प्रदाता के साथ देखभाल में प्रवेश करने के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध होगा
- लोगों को अपनी देखभाल के बारे में अधिक सूचित निर्णय लेने के लिए आसान जानकारी मिलेगी
- प्रदाताओं को ऊंची गुणवत्ता की देखभाल और नवीनतम देखभाल मॉडल उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा
- प्रदाता कम प्रशासनिक बोझ के साथ अधिक स्थानों पर अधिक सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे।

## वर्तमान में आवासीय देखभाल में रहने वाले वृद्धजन

यदि आप वर्तमान में किसी आवासीय देखभाल गृह में रहते/ती हैं, तो आपको इस परिवर्तन के लिए तैयारी करने हेतु कुछ भी नहीं करना होगा।

लोगों को स्थान आवंटित किए जाते समय आपको यह मुख्य अंतर दिखाई देगा कि यदि आप चाहें, तो आपके लिए अपनी पसंद के नए वृद्ध देखभाल गृह में जाना अधिक आसान होगा। सरकार आपकी ओर से आपके चयनित वृद्ध देखभाल गृह को सीधे निधीकरण उपलब्ध कराना जारी रखेगी।

## जो वृद्धजन आवासीय देखभाल की योजना बना रहे हैं

नए अधिनियम के शुरू होने तक आपको जिस तरह से आवासीय देखभाल प्राप्त हो रही है, वह वैसे ही रहेगी। यदि आप आवासीय देखभाल गृह में जाने के बारे में सोच रहे/ही हैं:

- एक Aged Care Assessment Team [वृद्ध देखभाल आकलन टीम] द्वारा पहले आपका आकलन किए जाने और आवासीय देखभाल के लिए स्वीकृति दिए जाने की आवश्यकता होगी
- एक बार अनुमोदन मिलने के बाद आप ऐसे किसी प्रदाता की खोज कर सकते/ती हैं और उनके साथ आवासीय देखभाल में प्रवेश कर सकते/ती हैं, जिसके पास खाली स्थान है।

## सहायता की खोज करना

हम आपको और आपके परिवार को यह समझने में सहायता व समर्थन देने के लिए यहां मौजूद होंगे कि इन परिवर्तनों का क्या अर्थ है और आपके लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं।

हम वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के बारे में और अधिक जानकारी भी उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि आपको इस बारे में बेहतर तथा और अधिक सूचित विकल्प बनाने में सहायता मिल सके कि अपने लिए सही देखभाल को कहां एक्सेस करना है। इसमें आवासीय देखभाल प्रदाताओं के लिए Star Ratings [सितारा दर्जा] प्रकाशित किए जाने के साथ-साथ आवास के बारे में और अधिक पारदर्शी जानकारी भी शामिल है।

आपकी सहायता के लिए My Aged Care भी यहां मौजूद है।

- वृद्ध देखभाल सेवाएं एक्सेस कैसे करें, इस बारे में जानकारी के लिए My Aged Care पर जाएँ।
- आप आकलन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते/ती हैं और अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले स्थानीय वृद्ध देखभाल प्रदाताओं की खोज कर सकते/ती हैं।
- आप 1800 200 422 पर सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8बजे से रात 8बजे तक और शनिवार, सुबह 10बजे से दोपहर 2बजे तक कॉल कर सकते/ती हैं।

## अप टु डेट रहें

और अधिक जानकारी व अपडेटों के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं: स्थानों से लोगों की ओर - आवासीय वृद्ध देखभाल में विकल्प शामिल करना।

आपके पास वृद्ध देखभाल में परिवर्तनों के बारे में अपनी राय देने के बहुत सारे अवसर भी हैं:

- वृद्धजनों के हमारे मासिक न्यूज़लेटर EngAged प्राप्त करने के लिए साइन अप करें: health.gov.au/aged-care-newsletter-subscribe.

- सबसे हाल के परामर्श अवसरों और परिणामों के बारे में जानने के लिए Aged Care Engagement Hub [वृद्ध देखभाल समावेशन हब] पर जाएं: AgedCareEngagement.health.gov.au/get-involved.

वृद्ध देखभाल के बारे में चर्चा शुरू करें

वृद्धजनों के अधिकारों को सबसे पहले रखने के लिए वृद्ध देखभाल कानूनों में परिवर्तन।

**MyAgedCare.gov.au** पर जाएँ।

फोन **1800 200 422** (MyAgedCare की नि:शुल्क-कॉल फोन लाइन)

अनुवाद और दुभाषिया सेवाओं के लिए 131 450 पर कॉल करें और 1800 318 209 के लिए निवेदन करें।

National Relay Service का उपयोग करने के लिए उनकी वेबसाइट nrschat.nrscall.gov.au/nrs पर जाकर अपना पसंदीदा एक्सेस पॉइंट चुनें या NRS Helpdesk को 1800 555 660 पर कॉल करें।